Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to frame effective law to ban fraudulent Ponzi schemes-laid.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : आदर्श क्रेडिट कोआपरेटीव सोसाइटी द्वारा राजस्थान के 20 लाख से अधिक लोगों को जमा की गई राशि पर अधिक व्याज एंव अन्य सुविधाऐ देने का नाम लेकर जाल में फंसा लिया व उनकी खूनी पसीने की कमाई का 8 हजार करोड़ से अधिक रूपये लेकर फरार हो गये है। राजस्थान में इसके अलावा अनेक क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी द्वारा इस प्रकार की पोंजी स्कीमे चलाकर आम जनता की गाढी कमाई को लूटने का कार्य किया जा रहा है। ऐसी स्कीमों की वजह से केवल राजस्थान के अनेक नागरिको का करोड़ों रूपये लेकर यह कम्पनियां फरार हो गई है। पीड़ित लोगों द्वारा न्यायालय एंव कानून की शरण ली जा रही है लेकिन लोगों द्वारा जमा की गई राशि उन्हे नहीं मिल पा रही है। अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि ऐसी पोंजी स्कीमो द्वारा जनता को लूटा जा रहा है उन पर रोक लगाये जाने हेतु प्रभावी कानून बनाया जाए एंव साथ ही आदर्श क्रेडिट कोआपरेटीव सोसाइटी द्वारा जिन लोगों का नुकसान हुआ है, उन्हे राहत प्रदान की जाए ।